



**एक नजर में**

## नशा के दुष्प्रभावों से कराया अवगत

**नवभारत न्यूज पलेरा।**

**नगर में पुलिस के प्रदेश व्यापी अभियान नशे से दूरी है जरूरीका समापन बुधवार को सीएम राइज विद्यालय में किया गया। यह अभियान 15 जुलाई से चल रहा था। समापन कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे का आदी व्यक्ति अधिक अपराध करता है। नशे से शारीरिक नुकसान होता है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।**

थाना प्रभारी ने सभी को बताया कि नशा से आर्थिक नुकसान भी होता है। उन्होंने कहा कि अगर युवा पीढ़ी बिगड़ेगी तो देश का भी नुकसान होगा।

थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने 15 दिवसीय अभियान के बारे में बताया कि इस प्रदेश व्यापी अभियान के दौरान पलेरा पुलिस ने जागरूकता अभियान, मैराथन, पंपलेट वितरण और पोस्टर लगाकर नशे के नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जिससे बचना जरूरी है।

# मारपीट में घायल युवक ने झांसी में तोड़ा दम

**पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय में दिया आवेदन**

**दोषियों पर कार्यवाही के साथ उचित न्याय की लगाई गुहार**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**बीते एक सप्ताह पहले शाम के समय पुराना बस स्टेंड पर स्थित कैलाशपति लॉज के संचालक दो सगे भाईयों का दो युवकों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसमें लॉज के संचालकों ने गाली-गलोच करते हुए दोनों युवकों के साथ जमकर मारपीट कर दी जिसमें एक युवक अपने घर पर रहकर उपचार करा रहा है। जबकि इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ था जिसका उपचार झांसी में चल रहा था बीते रोज उपचार के दौरान उसने झांसी में दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर लगते ही परिजनों ने बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर एक शिकायती आवेदन देकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग के साथ-साथ इस मामले में उचित न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई है।**

शिकायती आवेदन में पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि गोलू तनय रज्जक खान निवासी पठला मोहल्ला एवं साबिर खॉन उर्फ दानी तनय साबू खॉन निवासी पुराना बस स्टेण्ड खाई मुहल्ला के निवासी है। यह दोनों 21 जुलाई की शाम करीब 5 बजे पुराना बस स्टेंड कैलाशपति लॉज में शौच क्रिया करने जा रहे थे,तभी कैलाशपति लॉज के फेरन नायक के पुत्र कृष्ण शंकर,रामशंकर नायक ने गालियां देना शुरू कर दिया और दोनों भाईयों ने उक्त दोनों युवकों के साथ लात- घूसों से एवं पाईप से जमकर मारपीट कर दी। इस मारपीट की घटना में गोलू खान का उपचार घर पर चल रहा है। जबकि साबिर खॉन उर्फ दानी की हालत गंभीर होनें के कारण उसका उपचार झांसी में हो रहा था। इलाज के दौरान मंगलवार की शाम उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर लगते ही परिजनों ने बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर एक शिकायती आवेदन देकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग के साथ-साथ इस मामले में उचित न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई है। परिजनों का आरोप है कि घटना को अंजाम देने बाले व्यक्ति रसूखदार लोगों में शुमार है इस बजह से अभी तक उनके खिलाफ पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की है।

### सीसीटीवी कैमरों की मदद से हो रही जांच

इस मामले में पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद के जरिए बारीकी से जांच कर रही है। हालाकि सूत्रों की माने तो कोतवाली पुलिस ने कुछ संदिग्धों को पूछतांछ के लिए बुलाया है। कोतवाली पुलिस का प्रयास है कि जल्द से जल्द इस घटनाक्रम का पर्दाफाश हो सके जिसके लिए जांच टीम का गठन किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिए गए ज्ञापन के बाद पुलिस हर पहलू पर जांच करने में जुटी हुई है।

## सुजारा बांध के खोले 10 गेट



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**जिले के ऊपरी हिस्से में भारी बारिश के कारण धसान नदी का जलस्तर बढ़ गया है। अधिक मात्रा में पानी आने से बान सुजारा बांध लबालब भर गया है। बुधवार को सुबह 7 बजे बांध के 10 गेट खोलकर 600 घन मीटर प्रति सेकंड पानी छोड़ा जा रहा है।**

पिछले 24 घंटे के दौरान जिले में 0.5 इंच औसत बारिश रिकॉर्ड की गई। सबसे अधिक बारिश मोहनगढ़ तहसील में 60 मिलीमीटर लगभग ढाई इंच दर्ज की गई। पलेरा में 1 इंच बारिश हुई है। जिले में अब तक कुल 42.7 इंच औसत बारिश हो चुकी है। पिछले साल इसी समय तक केवल 18.3 इंच बारिश हुई थी। इस प्रकार इस वर्ष 24.4 इंच अधिक बारिश हुई है।

टीकमगढ़ का औसत बारिश का आंकड़ा 40 इंच है।जिले की आठ तहसीलों में से पांच में औसत से अधिक बारिश हो चुकी है।

भू अभिलेख कार्यालय के अनुसार टीकमगढ़ तहसील में 52.5 इंच, बड़ागांव धसान में 29 इंच, बल्देवगढ़ में 41 इंच, खरगापुर में 42 इंच, जतारा में 36 इंच, मोहनगढ़ में 50 इंच, लिधौरा में 37.5 इंच और पलेरा तहसील में सबसे अधिक 59.28 इंच बारिश हुई है।

# कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**नवभारत न्यूज पलेरा।**

**यादव समाज के जतारा एसडीओपी को एक मामले में ज्ञापन देते हुए निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। साथ ही कार्यवाही ना होनें पर उग्र आंदोलन की चेतावनी ज्ञापन के माध्यम से दी गई है।**




ज्ञापन में बताया गया कि पलेरा नगर में प्रकाश यादव के साथ जो घटना घटित हुई है बह वैहद निंदनीय है। जिससे समाज के लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। समाज के लोगों ने एसडीओपी से इस मामले में दोषी के खिलाफ उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है। उन्होंनें बताया कि सात दिवस के अंदर कार्यवाही नही होती है तो समाज के लोगों को मजबूरन उग्र आंदोलन करना पड़ेगा। जिसकी संपूर्ण जबाबदारी प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन देने बालो में राम कुमार यादव , अमित यादव, नरेन्द्र सिंह यादव सहित अनेक यादव समाज के लोगों के नाम शामिल है ।

## नोडल अधिकारियों ने की रिपोर्ट प्रस्तुत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार प्रशासन गांव की ओर योजना अंतर्गत नोडल अधिकारियों द्वारा अलग-अलग ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। साथ ही समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आबंटित की गईं ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया गया। इस दौरान नोडल अधिकारियों ने कार्यो की रिपोर्ट तैयार कर बरिष्ठ अधिकारियो के समक्ष प्रस्तुत की ।**

भ्रमण के दौरान नोडल अधिकारियों द्वारा एमडीएम का निरीक्षण, स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, ग्राम पंचायतों में सचिव,जीआरएस तथा नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी की उपस्थिति, मौसमी बीमारियों की आशंका, गाँव में टीकाकरण, आशा की उपस्थिति, जर्जर भवनों की जानकारी विशेषकर शासकीय स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन या अन्य शासकीय भवन इत्यादि, 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड की प्रगति, 50 एवं 100 दिवस से अधिक की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की जानकारी, पीडीएस का निरीक्षण, जलभराव की जानकारी, शुद्ध पेयजल की स्थिति, खुले बोरवेल की जानकारी ली गई तथा रिपोर्ट तैयार प्रस्तुत की गई।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान का समापन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ।**

**पुलिस विभाग द्वारा चलाए गए नशे से दूरी है जरूरी अभियान का समापन हुआ। इस अवसर पर पुलिस लाइन से एक जागरूकता रैली निकाली गई। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**



एसपी मंडलोई ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों और सामुदायिक क्षेत्रों में जाकर विद्यार्थियों, युवाओं और आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। लोगों को नशा न करने और जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने की शपथ दिलाई गई।अभियान के समापन पर 30 जुलाई को आयोजित रैली शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से होकर गुजरी। इस दौरान नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, ट्रैफिक प्रभारी कैलाश पटेल, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक उपेंद्र छारी, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चंद्रजीत यादव, उत्तम सिंह मौजूद रहे।

## ऑनलाईन मांगे विद्यार्थियों के आवेदन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**जवाहर नवोदय विद्यालय कुण्डेश्वर टीकमगढ़ द्वारा वर्तमान में किसी विद्यालय में कक्षा-5 में अध्यनरत विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा-6 में कुल 80 सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।**

पात्र अभ्यर्थी दिशा-निर्देश एवं पात्रता बेवसाइट पर देखकर अन्तिम तिथि 29 जुलाई तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन फार्म नवोदय विद्यालय समिति की बेवसाइट अथवा पर लिंक उपलब्ध है।

चयन की लिखित परीक्षा 13 दिसम्बर को आयोजित होगी। नवोदय विद्यालय द्वारा वर्तमान में किसी विद्यालय में कक्षा-5 में अध्यनरत विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र कक्षा-6 में कुल 80 सीटों पर प्रवेश के आवेदन आए।

# संरक्षण आयोग के सदस्य पहुंचे जिले के प्रवास पर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य औंकार सिंह तथा डॉ. श्रीमती निवेदिता मिश्रा बुधवार को टीकमगढ़ जिले के प्रवास पर पहुंची। इस दौरान बाल संरक्षण आयोग की लंबित शिकायतों के प्रतिवेदन एवं निराकरण के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में शामिल हुईं।**




बैठक में आयोग के दोनों सदस्यों द्वारा जिले में बाल संरक्षण आयोग की लंबित शिकायतों के निराकरण के संबंध में प्रतिवेदन मांगा गया। साथ ही जिले में स्कूल से ड्रॉपआउट, बाल भिक्षावृत्ति, सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान, स्वास्थ्य विभाग किये जा रहे हेल्थ चेकअप सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर कलेकटर पीएस चौहान, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री ऊदल सिंह ठाकुर सहित पुलिस विभाग, श्रम, स्वास्थ्य विभाग, बाल कल्याण समिति से अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य, स्कूल शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य औंकार सिंह तथा डॉ. श्रीमती निवेदिता मिश्रा आज टीकमगढ़ जिले के प्रवास के दौरान बाल संरक्षण आयोग की लंबित शिकायतों के प्रतिवेदन एवं निराकरण के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में शामिल हुईं। इस दौरान सदस्यो ने लंबित शिकायतों के प्रतिवेदनों का अवलोकन कर उनके निराकरण के निर्देश दिए।

# किसानों को मुआवजा दिलाने का गूंजा मामला

**विधायक ने विधानसभा सत्र के दौरान उठाया मामला**

**बारिश से हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**टीकमगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश ने किसानों की फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया है। अत्यधिक वर्षा के कारण खेतों में पानी भर गया है। इससे कई किसान खरीफ फसलों की बोवनी नहीं कर पाए हैं। जिन किसानों ने पहले ही बोवनी कर दी थी उनकी फसलें नष्ट हो गई हैं। इसके अलावा बारिश के कारण कई कच्चे मकान भी गिर गए हैं। इन सभी लोगों को मुआवजा दिलाने की मांग विधानसभा के सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला ने की है।**

विधानसभा में उठाए गए मुदद के दौरान उन्होंनें कहा कि बिजली गिरने से कई लोगों की मौत हो गई है।इस गंभीर स्थिति को देखते हुए टीकमगढ़ विधायक और पृथ्वीपुर विधायक नितेंद्र सिंह राठौर ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाया है। नितेंद्र सिंह राठौर ने शून्यकाल के दौरान कहा कि निवाड़ी, टीकमगढ़ जिले समेत पूरे बुंदेलखंड में अतिवर्षा से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। उन्होंने जल्द से जल्द सर्वे करवाकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा और बीमा राशि दिलाने की मांग की है। वहीं टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है।उन्होंने पपौरा चौराहे से पुरानी टेहरी रोड पर स्थित राजशाही दौर के प्राचीन पुल के गिरने का मामला सामने रखा। बारिश के कारण पुल के बगल में बनी दीवार धराशाई हो गई है। स्थानीय निवासी लंबे समय से इस पुल का नवीनीकरण या जीर्णोद्धार करवाने की मांग कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने विधानसभा में यह मुद्दा उठाकर प्राचीन पुल के रखरखाव की मांग की है।

प्रभावित किसानों और स्थानीय लोगों को अब विधायकों के इस प्रयास से राहत मिलने की उम्मीद है। टीकमगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश ने किसानों की फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया है। अत्यधिक वर्षा के कारण खेतों में पानी भर गया है। इससे कई किसान खरीफ फसलों की बोवनी नहीं कर पाए हैं। जिन किसानों ने पहले ही बोवनी कर दी थी उनकी फसलें नष्ट हो गई हैं।

**कार्यक्रम**

**दिल्ली के मशहूर कव्वाल ने वर्षगांठ कार्यक्रम में सुनाई शानदार गजलें**

# दोस्ती का भरोसा नहीं है गजल पर जमकर थिरके लोग

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**नवभारत समाचार पत्र भोपाल के टीकमगढ़ जिला ब्यूरो आमिर खान के इकलौते पुत्र अल्तमश खान की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार की रात्रि में केक काटने की रस्म अदायगी के बाद दिल्ली के मशहूर कव्वाल जनाव गुलाम बारिश ने एक निजी गार्डन में शानदार गजलों की पेशकश दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत की।**



दरअसल कव्वाल गुलाम बारिश अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार की रात टीकमगढ़ पहुंचे जहां उन्होंने रात्रि विश्राम के उपरांत अगले दिन 29 जुलाई मंगलवार की रात्रि 8 बजे से अल्तमश के प्रथम जन्मोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर शानदार गजले पेश की । जैसे ही कव्वाल गुलाम बारिश ने अपनी गजल दोस्ती का भरोसा नही है सुनाई तो बहां मौजूद दर्शक अपने आपको रोक नही पाए और बह नाचने पर मजबूर हुए जिन्होनें शानदार कब्बालियों का रात भर लुत्फ उठाया। इसके उपरांत कब्बाल गुलाम बारिश से मां से जुड़ी हुई ममता से जुड़ी कब्बाली पेश की तो कव्वाल सहित दर्शकों के आखों से आंसू झलकने लगे। यह नजारा देख सभी लोग भाव-विभोर हो गए। नवभारत समाचार पत्र भोपाल के टीकमगढ़ जिला ब्यूरो आमिर खान के इकलौते पुत्र अल्तमश खान की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार की रात्रि में केक काटने की रस्म अदायगी के बाद दिल्ली के मशहूर कब्बाल जनाव गुलाम बारिश ने एक निजी गार्डन में शानदार गजलो की पेशकश दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत की।

इस अवसर पर नगर के प्रथम नागरिक अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मलिक, नपा के नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू, विवेक चतुर्वेदी, पूनम जायसवाल, गौरव शर्मा, महेन्द दिवेदी, देवेंद्र जैन बाटू , अंकित जैन, मुमताज अली बब्लू, अमानत उल्ला, सगीर खान, अब्दुल तारिक, हामिद खान, सरताज खान, सिराज खान, टीपू खान, परवेज खान मोनू, इशाक खान, हारून खान, सौरभ खरे, सईद राईन, अनूप नामदेव,सादिक खान, नसीर खान अन्नू,नफीस खान, मुस्ताक खान, नजीम खान, लक्ष्मी पाठक, रमजान खान, बशीम खान ललितपुर, कासिव खान, साबिर खान, युसुफ खान, हबीब राईन, अनीस अहमद, फरीद ठेकेदार, जुवेर खान सहित शहर के प्रतिष्ठित लोगों के नाम शामिल रहे है।

**परामर्शदात्री सदस्य ने किया आभार व्यक्त**



नवभारत समाचार पत्र भोपाल के टीकमगढ़ जिला ब्यूरो आमिर खान के इकलौते पुत्र अल्तमश खान की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आए कब्बाल गुलाम बारिश सहित उनकी टीम के सदस्यों का आभार अंशुल खरे सदस्य परामर्शदात्री समिति भारतीय खाद्य निगम भारत सरकार ने व्यक्त किया।

## अधिसूचना की जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट एवं पदेन उप सचिव मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुये थाना खरगापुर तहसील खरगापुर से ग्राम भटगोरा एवं फूलपुर को अपवर्जित करते हुये थाना जतारा तहसील जतारा में जोड़े जाने हेतु अधिसूचना जारी की गई है।**

ज्ञातव्य है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर जिला स्तर पर गठित समिति की बैठक की अनुशंसा के परिपेक्ष्य में जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अधिसूचना जारी की गई है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़ (म.प्र.)

**क्रमांक/4426/न.पा./निर्माण/2025** — **टीकमगढ़, दिनांक 28/07/2025**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

**निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण http:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 440564_1 29/07/2025 को सांय 05 :00 बजे से | वण्डा नाला के डी.एफओ बंगला के पीछे से खादी आश्रम की पुलिया होते हुए राजा की दीवाल तक आर.सी.सी.कवर्ड पक्का नाला निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा) | 3 माह 8668819.00 | 10000 65016 | 29/08/25 सांय 05 :30 बजे तक |

**1- मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्र./एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09/09/2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।**

**नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़**
**जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)**